## महत्वपूर्ण एवं खास

### विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 18 अक्टूबर को महापल्ली में

**रायगढ़।** विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 18 अक्टूबर 2022 को प्रात: 10 बजे से शाम 04 बजे तक ग्राम महापल्ली के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में किया जायेगा। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा के परामर्श के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी काढ़ा का भी वितरण किया जायेगा। कोविड-19 रोग के रोकथाम के उपायों के विषय में शिविर में बताया जायेगा एवं दिनचर्या तथा ऋतुचर्या की जानकारी दी जायेगी। साथ ही वात व्याधि, श्वास, कास, चर्म रोग, शिशु एवं बाल रोग, मधुमेह, शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता, पंचकर्म तथा क्षारसूत्र चिकित्सा सलाह के साथ नि:शुल्क औषधियां दी जायेगी। जनसामान्य को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया गया है।

### ठेकेदार से माइनिंग क्लीयरेंस के नाम पर 12 लाख रूपए की ठगी, दो व्यक्तियों पर नामजद अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 15.10.2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में ठेकेदार तरूण साहू पिता स्व0 दुबचंद साहू उम्र 39 साल निवासी कृष्ण वाटिका बोईरदादर रायगढ़ द्वारा आवेदन देकर जांजगीर-चांपा के सुशांत कसेर एवं सुधीर साव के विरूद्ध माइनिंग क्लीयरेंस के नाम पर 12 लाख रूपये की ठगी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता तरूण साहू बताया कि कई संस्थानं, ठेकेदारों का माइनिंग क्लीयरेंस आदि अनेक शासकीय कार्य का देखरेख करता है। आर.के.एम. उच्चपींडा के कर्मचारी सुशांत कसेर एवं सुधीर साव के द्वारा माह फरवरी वर्ष 2020 में फोन कर माइनिंग क्लीयरेंस करवाना है तो हम लोग करवा देंगे बोले थे जिन्हें फरवरी 2020 से चार महीनों के बीच कबीर चौंक रायगढ में 12,00,000 रूपये (बारह लाख रूपये) दिया था किन्तु दोनों रकम लेकर काम नहीं किये और धोखाधड़ी किये। आरोपियों के विरूद्ध चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में नामजद धोखाधड़ी (धारा 420,34 IPC) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### आईसीयू में बेटी को देखने नहीं दिया तो डॉक्टर को पीटा

**कोरबा (आरएनएस)।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नवजात शिशु वार्ड के आईसीयू में भर्ती ब'ची को देखने नशे में धुत होकर पिता पहुंचा। डॉक्टर ने उसे मना किया तो उसने मारपीट की। अस्पताल में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.धरमवीर सिंह गुरुवार की रात ड्यूटी पर राउंड करते हुए नवजात शिशु वार्ड पहुंचे। उसी दौरान बीमार ब'ची का पिता ब्रज लाल बघेल नशे की हालत में पहुंचा और ब'ची को दिखाने की जिद करने लगा। स्टाफ ने उसे आईसीयू में दिखाने से मना किया तो वह स्टाफ के साथ गाली-गलौच करने लगा। डॉ.धरमवीर सिंह ने बाहर आकर उसे मना किया तो मानने के बजाए उल्टे डॉक्टर से मारपीट करने लगा। घटना के बाद वह अस्पताल से भाग गया।

### राज्यपाल उइके छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके अपने बिलासपुर प्रवास के दूसरे दिन 17 अक्टूबर 2022 को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, जिला ईकाई बिलासपुर द्वारा आयोजित आदिवासी लोक कला महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# बीती रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल के औचक निरीक्षण में पहुंची कलेक्टर : सारे वार्डों में देखी व्यवस्था, मरीजों से लिया फीडबैक

- गंदगी और अव्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी, तत्काल सुधार के दिए निर्देश
- निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कहा जारी करें सभी संबंधितों को नोटिस





**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू बीती रात 9.30 बजे मेडिकल कॉलेज के औचक निरीक्षण में पहुंची। यहां उन्होंने पूरे अस्पताल में घूमकर मरीजों को मिल रहे इलाज और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ.मनोज मिंज के साथ हर वार्ड में जाकर वहां की व्यवस्था देखी और मरीजों से बात की। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा और आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा भी निरीक्षण के दौरान साथ रहे। कलेक्टर साहू ने इस मौके पर कुछ जगहों में निर्माण कार्यों में कमी को लेकर खासी नाराजगी जताई। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कई वार्डों में पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं होने पर भी असंतोष व्यक्त किया और नियमित रूप से सफाई करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने मेडिकल कॉलेज में अलग अलग फ्लोर्स में बने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने मेल एवं फिमेल, शिशु रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, आईसीयू, कैजुअल्टी का निरीक्षण किया। यहां भर्ती मरीजों से उनको मिल रहे इलाज, दवाईयों और खाने-पीने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी वार्डों के नर्सिंग स्टाफ से भी मरीजों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों के सारे रिकॉड्र्स वार्ड में नर्सिंग स्टेशन में ही रखे जाएं। उन्होंने अस्पताल की ओपीडी और होने वाले सर्जरी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों को यहां उपलब्ध हर सुविधा का लाभ मिले यह मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी है।

**दीवारों में मिला सीपेज, कहा ये ठीक नहीं, तुरंत ठीक कराएं-** कलेक्टर साहू ने निरीक्षण के दौरान कुछ दीवारों में सीपेज मिलने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को नोटिस जारी करते हुए तत्काल इसे ठीक करवाने के निर्देश दिए। कई वार्डों में पर्याप्त सफाई व्यवस्था नहीं होने पर भी असंतोष व्यक्त किया और नियमित रूप से सफाई करवाने के निर्देश दिए। बाथरूम की सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बिल्डिंग हैंडओवर को लेकर भी बात की और सोमवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत और नगर निगम आयुक्त को दिए।

**कीमोथेरेपी की भी मिले सुविधा, अस्पताल प्रबंधन को इसके लिए मैनपावर की व्यवस्था के निर्देश-** कैंसर से पीड़ित एक 6 वर्षीय बच्ची भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रानू साहू जब उक्त वार्ड में पहुंची तो उनके परिजनों ने चर्चा के दौरान बताया कि बच्ची को किडनी का कैंसर हुआ था। जिसका उपचार एम्स रायपुर में हो गया है। जिसके पश्चात अब उसकी कीमोथेरेपी करवाने यहां लाएं हैं। किंतु यहां कीमोथेरेपी के लिए ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ और मैनपावर नहीं होने से समस्या होती है। कलेक्टर साहू ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल डीन मेडिकल कॉलेज को आवश्यक व्यवस्था करने हेतु पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राज्य स्तर पर चर्चा कर जरूरी व्यवस्थाएं करवाने की बात भी कही।

## अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आय के छूटे हुए लोगों के लिए आज तक का मौका, अपना एवं परिवार के सदस्यों का कर सकते हैं पंजीयन




**भिलाई (आरएनएस)।** अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए फिर से वेब पोर्टल खोला गया है। ऐसे छूटे हुए लोग जो इस दायरे में आते हैं वह अपना पंजीयन करा सकते हैं, इसके साथ ही अपने परिवार के सदस्यों का भी पंजीयन करा सकते हैं। छत्तीसगढ़ क्वांटीफायबल डाटा आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा पंजीयन को लेकर आदेश प्रसारित किया है। अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा पंजीयन नहीं कराने के कारण छूटे हुए अन्य पिछड़ा वर्ग से समस्त व्यक्तियों को नवीन पंजीयन किए जाने के लिए द्वशश्च ह्वश्च ह्म्शह्वठ्ठस्र के तहत दिनांक 16 सितंबर 2022 से 17 अक्टूबर 2022 तक के लिए पोर्टल खोला गया है, जिसका सोमवार को अंतिम दिन होगा। जिससे समस्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शासकीय अधिकारी/कर्मचारी भी इस अवधि में स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों का पंजीयन करा सकते है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने छूटे हुए लोगों से अनिवार्य रूप से पंजीयन करने हेतु अपील की है। पोर्टल में नवीन पंजीयन के लिए वेब पोर्टल ष्द्दह्लस्रष्.द्बठ्ठ द्यशद्दद्बठ्ठ एवं मोबाइल ऐप ष्द्दह्लस्रष् पर भी उपलब्ध है जिस पर संबंधित व्यक्ति स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों का पंजीयन कर सकते हैं। भिलाई निगम कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों को एवं अपने परिवारों के सदस्यों का आवश्यक रूप से पंजीयन दर्ज कराना होगा। क्वांटीफायबल डाटा आयोग द्वारा नवीन पंजीयन करने हेतु छूटे हुए लोगों के लिए एक सुनहरा मौका दिया जा रहा है। भिलाई निगम अपील करता है की अंतिम दिन में अपना और परिवार का पंजीयन अवश्य करा ले।

## हर विकासखंड में लगेंगे मेगा हेल्थ कैम्प : कलेक्टर साहू

- स्वास्थ्य के साथ सभी विभागों को तैयारी के निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने कहा है कि खरसिया विकासखंड के ग्राम बर्रा में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप की तरह हर विकासखंड में कैंप लगाए जायेंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कैंप में बाहर से आए विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा लोगों का इलाज किया जाएगा। इसके अलावा दिव्यांगजनों को चिन्हांकित कर उन्हें सहायक उपकरण दिए जायेंगे।

कलेक्टर रानू साहू ने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से पिछले 1 माह से तैयारी के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा दूसरे विभागों को भी जरूरी जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि मेगा स्वास्थ्य कैंप का उद्देश्य दूरस्थ अंचल में लोगों को रूटीन जांच के अलावा स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स से गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाना है। जांच के माध्यम से रेफर करने लायक मरीजों को चिन्हित कर उन्हें आगे जरूरी इलाज के लिए, ताकि उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके। इस मेगा कैंप में एक ओर जहां एमएमयू के माध्यम से चेक अप, बीपी, शुगर जैसे विभिन्न प्रकार के बीमारियों की जांच कर दवाई वितरण की व्यवस्था होगी। वहीं स्वास्थ्य शिविर में अस्थि रोग, कैंसर रोग, हृदय रोग, मूत्र रोग, न्यूरोलॉजी, मेडिसीन विभाग, सर्जरी, स्त्री रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, चर्म रोग, मनोरोग, कान, नाक एवं गला, फिजियोथैरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, वयो वृद्ध जांच के लिए भी विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि पहले विकासखंड स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन 14 अक्टूबर को विकासखंड खरसिया के ग्राम बर्रा में किया गया। जिसमें 2700 से अधिक मरीजों का इलाज हुआ एवं गंभीर बीमारी के लक्षण वाले 303 लोगों को सर्जरी एवं उच्च चिकित्सा सेवा हेतु मेडिकल कालेज रायगढ़ एवं रायपुर के लिए रेफर किया गया। साथ ही 200 से अधिक दिव्यांगजनों का मेडिकल बोर्ड के माध्यम से परीक्षण कराकर 52 दिव्यांगजनों को मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 60 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को स्पेशल छड़ी उपलब्ध कराई गई। मानसिक रूप से अविकसित, ऑटिज्म एवं सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय फैशन प्रोद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली के समन्वय से स्पेशल रूप से तैयार ड्रेस किट प्रदाय किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग से मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 05 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं 10 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड का वितरण किया गया।

## टेलीकॉम इंजीनियर के घर चोरी करने वाले दो आरोपी आए जूटमिल पुलिस के हाथ

- आरोपियों में एक विधि के साथ संघर्षरत बालक भी
- आरोपियों से चोरी का लैपटॉप, मोबाइल और नकदी बरामद



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर सायबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल मुखबिर सक्रिय कर जुआ, सट्टा, अवैध शराब के साथ सम्पत्ति संबंधी अपराधों के आरोपियों की धरपकड़ किया जा रहा है जिसमें #जूटमिल पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। तरकेला लूट के तीनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के बाद जूटमिल पुलिस द्वारा मिठ्ठूमुडा में घर घुसकर लैपटॉप, मोबाइल और नकदी 10,000 रूपये की चोरी करने वाले दो आरोपियों को मोबाइल, लैपटॉप के साथ पकड़ा गया जिसमें एक विधि के साथ संघर्षरत बालक है, दोनों को जूटमिल पुलिस द्वारा सक्षम न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया है।

जानकारी के मुताबिक मिठ्ठुमुडा मेहर गली सामुदायिक भवन के पास रहने वाला गोवर्धन प्रसाद माली (38 साल) मोबाईल टेलीकॉम में सर्विस इंजीनियर है। कल दिनांक 15.10.2022 को गोवर्धन प्रसाद माली पुलिस चौकी जूटमिल में अपने घर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 28.09.2022 की रात करीब 11.45 बजे लारा मोबाईल टावर साईट डाउन सूचना की खबर पाकर घर के मेन गेट का बाहर वाला दरवाजा को ताला बंद कर लारा निकल गया। घर में पत्नि, बच्चे सोये हुये थे। रात्रि करीब 12.30 बजे पत्नि कॉल कर बताई कि घर का दरवाजा खुला है और घर में रखा लैपटप, मोबाईल नहीं दिख रहा है। तब घर वापस आया, चेक करने पर बच्चो का चांदी का चुडा, पायल, सोना का लकेट, विवो कंपनी का मोबाईल, डेल कंपनी का लैपटप, एम.आई कंपनी का ब्लुटूथ स्पीकर तथा पर्स में रखा 10,000 रूपये का नही था।

जूटमिल पुलिस अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध क्रमांक 1407/2022 धारा 457, 380 IPC दर्ज कर रिपोर्टकर्ता गोवर्धन माली, उसकी पत्नी, उसके घर आसपास रहने वालों से विस्तृत किया गया जिसमें मिठ्ठुमुडा हीरानगर में रहने वाले विशाल उर्फ लादेन तथा उसके दोस्त को रात के समय अक्सर संदिग्ध घूमते देखना बताये। चौकी प्रभारी के निर्देशन पर दोनों संदिग्धों को तत्काल पतासाजी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी विशाल यादव उर्फ लादेन तथा उसका दोस्त ( विधि के साथ संघर्षरत बालक) दोनों मिलकर गोवर्धन माली के घर से एक लैपटाप, मोबाइल और नकद 10,000 रूपये चोरी करना कबूल किये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर चोरी हुआ एक डेल कंपनी का लैपटॉप, एक विवो कंपनी का मोबाइल, नकद 800 रूपये जुमला कीमती 35,000 रूपये बरामद किया गया है। आरोपी 1- विशाल यादव उर्फ लादेन पिता बाबूलाल यादव उम्र 19 साल निवासी मिठ्ठुमुडा हीरानगर, चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली रायगढ़ एवं 2- विधि के साथ संघर्षरत बालक को नकबजनी के अपराध में सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अज्ञात आरोपी पतासाजी एवं चोरी का माल बरामदगी की कार्यवाही में साइबर सेल/चौकी प्रभारी एसआई के.के. पटेल के साथ एस.आई राम स्वरूप नेताम, आरक्षक बनारसी, धर्नुजय चंद बेहरा, विनय तिवारी की प्रमुख भूमिका रही है।

## रेल पटरी पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी कोतरोड पुलिस



**रायगढ़।** दिनांक 16.10.2022 के सुबह रेलवे कर्मचारी द्वारा थाना कोतरारोड़ में रायगढ़-जेएसपीएल के मध्य अप लाइन की रेल पटरियों पर एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 30-35 वर्ष का शव पड़े होने की सूचना दिया गया। तत्काल थाना प्रभारी कोतरारोड उपनिरीक्षक गिरधारी साव एवं थाना स्टॉफ मौके पर पहुंचे। अज्ञात मृतक के गले में छींटदार लुंगी गांठ बंधा हुआ था, केवल शर्ट पहना है। मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना प्रभारी कोतरारोड़ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मौके पर पुलिस डॉग को बुलाया गया पुलिस डॉग शव तथा आसपास से गंध लेकर रोड तक आया। पुलिस टीम मौके तथा आसपास बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है। अज्ञात मृतक के दाहिने हाथ में गोदना से "राम" लिखा हुआ है। मृतक का अब तक शिनाख्त नहीं हुआ है। मामले में कोतरारोड पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को मरच्यूरी में रखा गया है, शव की शिनाख्तगी नहीं होने की स्थिति में 3 दिन बाद शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया जावेगा। कोतरारोड़ पुलिस की अपील है कि अज्ञात मृतक के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हो तो थाना प्रभारी कोतरारोड के मोबाइल नंबर 94791-93211 में साझा कर सकतें हैं। कोतरारोड पुलिस हर पहलुओं से मामले की जांच में जुटी है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज करेंगे नवगठित 10 राजस्व अनुविभागों और 25 तहसीलों का उद्घाटन

**रायपुर**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 17 अक्टूबर को अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेश में नवगठित 10 राजस्व अनुविभागों एवं 25 नवीन तहसीलों का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नये अनुविभाग तिल्दा नेवरा, बागबाहरा, मालखरौदा, धमधा, बलरामपुर, राजपुर, भरतपुर, खड़गवां, भोपालपट्नम और भैरमगढ़ का उद्घाटन करेंगे। इन अनुविभागों के उद्घाटन के बाद प्रदेश में 108 अनुविभाग होंगे।

मुख्यमंत्री बघेल कार्यक्रम में 25 नवीन तहसीलों मंदिरहसौद, धरसींवा, बेलरगांव, कोमाखान, सोनाखान, टुण्डरा, अमलीपदर, बेलतरा, जरहागांव, दीपका, मुकड़ेगा, कोटाडोल, पोड़ी (बचरा), औंधी, खड़गांव, साल्हेवारा, लालबहादुर नगर, मर्रो बंगला (देवरी), देवकर, भिंभौरी, नानगुर, भानपुरी, तोंगपाल, मर्दापाल, धनोरा का उद्घाटन भी करेंगे। इन तहसीलों के उद्घाटन के बाद प्रदेश में तहसीलों की संख्या बढ़कर 227 हो जाएगी।

गौरतलब है कि नवीन अनुविभाग एवं तहसीलों की स्थापना से शासकीय योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वन एवं प्रशासकीय कामकाज में कसावट लाने में सुविधा होगी, शासन की योजनाएं एवं मूलभूत सुविधाएं आम जनता को आसानी से उपलब्ध होगी। विकास की रफ्तार बढ़ेगी।

## उठाईगिरी करने वाले नट गिरोह के दो आरोपियों की गिरफ्तारी में मिली पुलिस को सफलता

- लैलूंगा और राजिम थाना क्षेत्र में उठाईगिरी को दिया था अंजाम
- एसडीओपी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में थाना लैलूंगा, कापू और राजिम पुलिस की टीम ने दी कापू व पत्थलगांव इलाके में दबिश
- आरोपी संजय नट ने लैलूंगा स्टेट बैंक के बाहर बाइक से किया था 10000 रुपए की चोरी
- आरोपी बाबू सिंह नट उर्फ कान्हू ने साथी के साथ मिलकर पीएनबी बैंक राजिम के बाहर किये हैं उठाईगिरी

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर उठाईगिरी मामलों में नट गिराह के आरोपियों की धरपकड़ के लिये एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम कापू एवं पत्थलगांव क्षेत्र में दबिश दिया गया। पुलिस टीम के हाथ दो संदिग्ध/आरोपी- संजय नट एवं बाबू सिंह नट हाथ आये जिनमें संजय नट लैलूंगा थाने के उठाई गिरी का आरोपी है तथा बाबू सिंह नट थाना राजिम जिला गरियाबंद का आरोपी है।




जानकारी के मुताबिक दिनांक 12.05.2022 को स्टेट बैंक लैलूंगा के बाहर डिक्की से 10,000 रूपये की उठाई गिरी के मामले में थाना लैलूंगा में अज्ञात आरोपी पर अप.क्र. 113/2022 धारा 379 IPC का अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी, मामले के अनुसंधान दौरान चेक किये गये CCTV फुटेज, मुखबिरों से मिले इंनपुट में उठाईगिरी में नट गिरोह के सदस्यों के होने की ओर इशारा कर रहे थे जिस पर लैलूंगा पुलिस टीम कई बार कापू क्षेत्र में दबिश दिया गया था, संदेही फरार थे।

दिनांक 12.10.2022 को गरियाबंद जिले के राजिम में पंजाब नेशनल बैंक के बाहर बाइक से 20,000 रूपये की उठाईगिरी हुई थी , इस संबंध में गत दिनों गरियाबंद जिले से निरीक्षक राकेश मिश्रा के हमराह पुलिस टीम रायगढ़ आयी हुई थी। एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा कापू थाने के एएसआई बृज किशोर गिरी, लैलूंगा के एएसआई चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, जॉन टोप्पो को राजिम पुलिस के साथ नट गिरोह के सदस्यों की छापेमारी में लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा कापू, पत्थलगांव के कई इलाकों में दबिश दिया गया और कापू के कण्ड्रजा में घेराबंदी कर संजय नट एवं बाबू सिंह नट को हिरासत में लिया गया। आरोपी संजय कुमार नट पिता कैलाश नट उम्र 29 साल निवासी कण्ड्रजा थाना कापू ने स्टेट बैंक लैलूंगा के बाहर डिक्की से 10,000 रूपये करना कबूल किया जिसे खर्च कर देना बताया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त सोल्ड होण्डा मोटर सायकल को जप्त कर आज थाना लैलूंगा के उठाईगिरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं बाबू सिंह नट उर्फ कान्हू को गरियाबंद पुलिस अपने कस्टडी में राजिम लेकर गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480